सब मंगलमय कर देते हैं

सब मंगलमय कर देते हैं दक्षिणमुख के हनुमान प्रभु,
हर बिगड़े काम बनाते हैं दक्षिणमुख के हनुमान प्रभु,

जो काम कोई ना कर सकता ऐसे ही कितने काम किए,
सौ योजन की लंबी दूरी को बस एक छलाँग में पार किए,
मुश्किल को सरल बनाते हैं दक्षिणमुख के हनुमान प्रभु,
सब मंगलमय कर देते हैं..........

दक्षिण मैं जाकर के बजरंग श्री राम का पूरा काम किया,
माँ सीता ने फिर इसीलिए, हनुमत को था वरदान दिया,
सियाराम के मन को भाते हैं,दक्षिणमुख के हनुमान प्रभु,
सब मंगलमय कर देते हैं............

हर दिशा की महिमा अलग अलग हर दिशा की महिमा है न्यारी
पर दक्षिणमुख के बजरंग पे हो जाए निरंजन बलिहारी,
शनिदेव से मुक्त करते हैं दक्षिणमुख के हनुमान प्रभु
सब मंगलमय कर देते हैं.............

सब मंगलमय कर देते हैं.............

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3546/title/sab-mangalmay-kar-dete-hai-dashanmukh-ke-hanuman-prabhu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |